THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला केसरी

Page : 03, Dated 29-April-2025

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी में वेंचर लैब का किया उद्घाटन

थापर कालेज में करवाए प्रोग्राम के दृश्य। (दीपक)

पटियाला, सनौर, 28 अप्रैल (जोसन) : थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टी.आई.ई.टी.) ने आज अपने परिसर में वेंचर लैब थापर का भव्य उद्घाटन किया। थापर इंस्टीट्यूट में हम केवल उद्यमियों का निर्माण नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारत के भावी नवप्रवर्तकों के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहे हैं।

परिसर में निर्मित उत्कृष्ट संरचना में स्थित वेंचर लैब न केवल नवोन्मेषी विचारकों के लिए एक प्रक्षेपण स्थल के रूप में कार्य करेगा, बल्कि वैश्विक तकनीकी स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरक शक्ति भी बनेगा।

डॉ. राजीव रंजन वेदेराह, चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी ने कहा कि यह महज शुरूआत है, एक ऐसे भविष्य की जहां थापर भारत में तकनीकी नवाचार का मार्गदर्शक बनेगा।